S/551/24/2015
विदेश मंत्रालय
(दक्षिणी प्रभाग )
***

जवाहरलाल नेहरु भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 16 मार्च 2016

सेवा में,

श्री रूसेन कुमार
222, कृष्ण वाटिका
चर्च रोड, शलिनी स्कूल के पास
बोइरदादार, रायगढ़
छतीसगढ़ – 496001

महोदय,

कृपया अपने आवेदन पत्र क्रमांक – आरटीआई/5696/2015-पीएमआर दिनांक- 08 मई 2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसमे सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आपने माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्रमोदी जी द्वारा विदेश यात्रा के संदर्भ में सूचना मांगी थी।

2. आपके द्वारा मांगी गयी सूचना के विषय में, **ऑस्ट्रेलिया** के संदर्भ में आपको यह सूचित किया जाता है कि ;

(अ) क्रमांक (1) - प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी जी-20 लीडर शिखर सम्मेलन (ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया 15 नवम्बर, 2014) में भाग लेने के पश्चात ऑस्ट्रेलिया के द्वि-पक्षीय आधिकारिक यात्रा पर (16-18 नवम्बर, 2014) गए थे। इस यात्रा (16-18 नवम्बर, 2014) के के विषय में जिन मुद्दों पर बातचीत हुयी वे सभी विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वैबसाइट www.mea.gov.in/index-hi.htm के 'प्रलेख' भाग के 'दविपश्रीय / बहुपक्षीय प्रलेख' भाग में पाये जा सकते है।

(ब) क्रमांक (2 & 3) - इस यात्रा (16-18 नवम्बर, 2014) के दौरान जिन समझोतो/ समझोता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए, वे विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वैबसाइट www.mea.gov.in/index-hi.htm के 'प्रलेख' भाग के 'दविपश्रीय / बहुपक्षीय प्रलेख' भाग में पाये जा सकते है।

3. यदि आप उपरोक्त सूचना से सहमत नहीं है, तो आप सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (1) के तहत इस पत्र की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर निमंलिखित प्रथम अपील प्राधिकारी को अपील कर सकते है।

**श्रीमान पीयूष श्रीवास्तव**
**संयुक्त सचिव एवं प्रथम अपील प्राधिकारी**
**विदेश मंत्रालय, कमरा संख्या 3005**
**जवाहरलाल नेहरू भवन, नई दिल्ली- 110011**
**दूरभाष : 49015229, ईमेल- dirsouth@mea.gov.in**

पूजा वेर्णेकर

**(पूजा वी वेर्णेकर)**
**अवर सचिव एवं केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी**
**दूरभाष -49015241, ईमेल- usic@mea.gov.in**

प्रतिलिपि :-

1. संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय- सूचनार्थ
2. अवर सचिव, आर॰ टी॰ आई॰ , विदेश मंत्रालय- सूचनार्थ
3. अवर सचिव (DD)

7958/PS/15
11/05/15

सूचना का अधिकार

# प्रधान मंत्री कार्यालय

1041/15

साउथ ब्लाक, नई दिल्ली - 110 011

संख्या आरटीआई/5696/2015-पीएमआर

दिनांक: 08/05/2015

2931
12/05/15

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय - सूचना का अधिकार के तहत आवेदन-पत्र

उपर्युक्त विषय पर श्री रूसेन कुमार से प्राप्त दिनांक 27.4.2015 का आवेदन-पत्र, जो इस कार्यालय में दिनांक 5.5.2015 को प्राप्त हुआ है, सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के तहत यथोचित कार्रवाई हेतु अंतरित किया जा रहा है।

2. आवेदक से आवेदन-शुल्क प्राप्त हो गई है।

(अम्बुज शर्मा)
अवर सचिव एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
☎: 2338 2590

| | |
|---|---|
| 1. विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय<br>साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली | बिंदु संख्या (ए) से (एफ) के संबंध में |
| 2. सचिव, भारत सरकार<br>वाणिज्य मंत्रालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली | बिंदु संख्या (डी) के संबंध में |
| 3. सचिव, भारत सरकार<br>आर्थिक कार्य विभाग<br>नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली | बिंदु संख्या (डी) के संबंध में |
| 4. सचिव, भारत सरकार<br>औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग<br>उद्योग भवन, नई दिल्ली | बिंदु संख्या (ई) के संबंध में |
| 5. सचिव, भारत सरकार<br>भारी उद्योग विभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली | बिंदु संख्या (ई) के संबंध में |

**प्रति- (रजिस्टर्ड पोस्ट ए.डी. द्वारा)**

| | |
|---|---|
| श्री रूसेन कुमार<br>222, कृष्ण वाटिका<br>चर्च रोड, शालिनी स्कूल के पास<br>बोइरदादर, रायगढ़<br>छत्तीसगढ़ - 496 001 | कृपया आप इस संबंध में आगे सूचना हेतु उपरोक्त लोक प्राधिकरण से सम्पर्क करें। इस कार्यालय के संबंध में सूचना कालान्तर में दे दी जाएगी। |

W(RTI)

- Protocol
- Commercial + Multilateral.

12/5

12/5

# सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवेदन पत्र

5696 – 7/5/15

क्रमांकः आर०के० / आरटीआई / प्रधानमंत्री कार्यालय / 07

दिनांकः 27 अप्रैल 2015

सेवा में,
श्रीमान पी० के० शर्मा
अवर सचिव एवं
केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी
प्रधानमंत्री कार्यालय
साउथ ब्लाक, नई दिल्ली–110011

5696/15

PRIME MINISTER'S OFFICE
– 5 MAY 2015
SECTION

1. विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत निम्नलिखित विवरण के अनुसार जानकारी प्रदान करें।

2. आवेदक का नामः रुसेन कुमार

3. आवेदक का पताः 222, कृष्ण वाटिका, चर्च रोड, शालिनी स्कूल के पास, कोड़ातराई रायगढ़–496001, छत्तीसगढ़
मोबाइल नं. 9981099555 ईमेलः rusenkumar@gmail.com

4. मांगी गई जानकारी का विवरणः

| क्रमांकः | विवरणः |
| --- | --- |
| अ (A) | भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरान्त कितने देशों की यात्रा की गई? उनकी तिथिवार विवरण तथा प्रत्येक यात्रा के क्या–क्या एजेंडा थे, उसका विवरण दीजिए। देशवार यह यात्राएं कुल कितने दिनों अथवा घंटों की थी? ✓ |
| ब (B) | इन यात्राओं की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए क्या कोई अधिकारिक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है? यदि प्रकाशित की गई है तो इसकी एक प्रति उपलब्ध कराएं। यदि प्रकाशित नहीं की गई है तो क्या रिपोर्ट प्रकाशित करने की कोई योजना है? इन यात्राओं की उपलब्धियों की रिपोर्ट क्या आम नागरिक के लिए उपलब्ध है? यदि उपलब्ध नहीं है तो ऐसा करने की क्या कोई योजना है? ✓ |
| स (C) | देशवार यात्राओं की उपलब्धियों तथा उस दौरान लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों एवं समझौतों की समुचित जानकारी एवं सूची प्रदान कीजिए। ✓ |
| द (D) | उपरोक्त विदेशी यात्राओं के उपरान्त, भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भ्रमण किए गए देशों द्वारा भारत में पूंजी निवेश के लिए कितने प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है तथा यात्राओं के इतने समय उपरान्त भी आज की तिथि तक क्या इन समझौतों के परिणाम स्वरूप देश को कोई स्पष्ट प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश प्राप्त हुआ है? |
| इ (E) | 'मेक इन इंडिया मिशन' लागू होने के उपरान्त भारत में भारी उद्योगों की स्थापना के लिए भारतीय निवेशकों अथवा कंपनियों द्वारा तथा विदेशी निवेशकों अथवा कंपनियों द्वारा कितने की धनराशि निवेश की गई है। |
| फ (F) | भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रत्येक विदेशी यात्रा में उनके साथ जाने वाले भारतीय एवं विदेशी बिजनेस मैन की देशवार सूची प्रदान कीजिए। |

5. उद्घोषणाः *मैं यह घोषणा करता हूं कि मैं भारत का एक नागरिक हूं।*

6. संलग्नः 'अनुभाग अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली' के पक्ष में देय रूपए 10 का पोस्टल आर्डर क्रमांक 25एफ 701627 दिनांक 15 अप्रैल 2015

32461
05/05/15
10/05/15

रुसेन कुमार
हस्ताक्षर

दिनांकः 27 अप्रैल 2015
स्थानः रायगढ़

PO No. 25F 701627 ₹ 10/-

U188798